卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 249 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦16 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## एलओसी पर मुठभेड़ में पांच आतंकी ढेर

श्रीनगर(उद संवाददाता)। जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के एलओसी के जुमागुंड इलाके में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने पांच आतंकी मारे गए। अधिकारियों



के अनुसार घटनास्थल से हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह इलाके में आतंकियों के एक दल के सक्रिय होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस और सेना की संयुक्त टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। जब सुरक्षाबल एक ठिकाने की तरफ बढ़ तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दर्दनाक हादसा: सेना के जवान सहित दो की मौत

### अनियंत्रित बस ने स्कूटी को रौंदा, कार को भी मारी टक्कर

रामनगर(उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे रानीखेत रोड पर बस ने स्कूटी को रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में पूर्व सैनिक








समेत दो लोगों की मौत हो गयी। घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गयी। घटना का कारण ब्रेक फेल होना माना जा रहा है। गनीमत रही कि अनियंत्रित बस समीप में ही एक कार से टकराकर रुक गई अन्यथा कई लोगों की जा सकती थी। घटना के बाद मृतकों के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा। साथ ही पुलिस प्रशासन की यातायात को लेकर बनाई गई व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किये। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## केदारनाथ धाम में सीएम ने लिया पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा

देहरादून (उद संवाददाता)। केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का





शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण किया और धाम में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। बता दें केदारनाथ में एक दशक पूर्व आई आपदा के बाद पहले चरण में 225 करोड़ रुपये के काम किए गए। अभी काफी कुछ होना बाकी है। दूसरे चरण में 197 करोड़ रुपये की लागत से 21 निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा 148 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्रियों के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। केदारनाथ पुनर्निर्माण तीन चरणों में शुरू किया गया। पहले चरण में मंदिर परिसर का विस्तार, संगम के समीप गोल प्लाजा और मंदिर परिसर तक जाने वाले रास्ते पर कटवा पत्थर बिछाया गया। साथ ही मंदाकिनी नदी के तट पर सुरक्षा कार्य, सेंट्रल स्ट्रीट, आदि गुरु शंकराचार्य (शेष पृष्ठ 7 पर)

## दो बाइकों की भिड़त में युवक की मौत,दूसरा गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बरेली रोड गोरापड़ाव में दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई जबकि हल्द्वानी के हिमालय फार्म



बरेली रोड निवासी युवक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग हल्द्वानी–लालकुआं पर कुमाऊं मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास आमने सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए दोनों घायल काफी देर तक हाइवे पर तड़पते रहे। स्थानीय लोगों ने 108 सेवा को सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



काशीपुर(उद संवाददाता)। दुष्कर्म के वांछित आरोपी को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए उसे सलाखों के पीछे कर दिया। ज्ञातव्य है कि बीते 2 मई को मोहल्ला आवास विकास निवासी एक महिला द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गुलाब बाड़ी कटघर जनपद मुरादाबाद(शेष पृष्ठ सात पर)

## नहाते समय गंगा में डूबा दिल्ली का पर्यटक

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मुनिकीरेती के तपोवन सच्चा धाम घाट के समीप शुक्रवार की सुबह दिल्ली का एक पर्यटक नहाते वक्त गंगा में डूब गया। उसका कहीं पता नहीं चल पाया। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर उसे तलाश रही हैं। सच्चा धाम घाट के समीप दिल्ली से आए कुछ पर्यटक नहा



रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब 8:30 इनमें शामिल एक व्यक्ति गंगा के तेज बहाव में डूब गया। साथियों ने मदद के लिए आवाज लगाई। बाद में जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ के (शेष पृष्ठ सात पर)

## डाम में डूबने से युवक की मौत

किच्छा (उद संवाददाता)। दोस्तों के साथ धौराडाम में नहाने गया युवक गुरूवार शाम को डाम में डूब गया। जिससे दोस्तों में हड़कम्प मच गया। रात होने पर रेस्क्यू अभियान नहीं चल पाया। सुबह गोताखोरों ने युवक की तलाश की काफी देर प्रयास के बाद उसका शव बरामद हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। जानकारी के अनुसार गऊघाट किच्छा निवासी 22 वर्षीय रिजवान उर्फ फुरकान पुत्र अशफाक गुरूवार शाम को दोस्तों के साथ घैराडाम में नहाने गया था। इस दौरान वह डूबने लगा तो दोस्तों ने शोर मचाया। शोर सुनकर आस पास के लोग वहां जुट गये। लोग कुछ कर पाते तब तक वह लापता हो गया। सूचना पर पुलिस(शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ में त्रासदी के दस वर्ष पूरे

## वर्ष 2013 में 16-17 जून को जल प्रलय से हुई तबाही के बाद अब भव्य और पुनर्निर्माण कार्यों से मिट रहे तबाही के जख्म,भक्तों की भीड़ उमड़ रही

देहरादून। बाबा केदानाथ के पावन धाम केदारनाथ में वर्ष 2013 में जल प्रलय से हुई भीषण आपदा को आज दस साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब भी उत्तराखंड के लोगों के जहन में तबाही के जख्म हैं। 16-17 जून 2013 को आई आपदा में हजारों मौतें हुई थीं। इन 10 सालों में केदारपुरी का स्वरूप भव्य हो गया है और पूरी तरह बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास लगाव व विजन के बाद केदारपुरी भव्य हो गई है। इसी का नतीजा है कि इस साल केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए रोजाना करीब 20 हजार भक्त पहुंच रहे हैं। 16-17 जून 2013 को आई आपदा के बाद केदारनाथ में हुई तबाही का मंजर बेहद खौफनाक था। यहां चौराबाड़ी झील में बादल फटने से बहकर आए भारी मलबा और विशाल बोल्डर ने तबाही ला दी थी। तब किसी ने सोचा नहीं था कि धाम में शांत बहने वाली मंदाकिनी नदी विकराल रूप लेकर तबाही मचा देगी। उस रात सैलाब के रास्ते में आए सैकड़ों घर, रेस्टोरेंट और हजारों लोग बह गए। जब इस जलप्रलय के बारे में पता लगा तो पूरा देश शोक में डूब गया। आपदा में 4700 तीर्थ यात्रियों के शव बरामद हुए। जबकि पांच हजार से अधिक लापता हो गए थे। इतना ही नहीं आपदा के कई वर्षों बाद भी लापता



यात्रियों के कंकाल मिलते रहे। इस त्रासदी में मृतकों की सही संख्या को लेकर तरह-तरह के कयास भी लगाए गए। लेकिन अब धाम में पहले के मुकाबले काफी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केदारनाथ धाम भव्य हो गया है। चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से त्रिस्तरीय सुरक्षा दीवार बनाई गई है। मंदाकिनी व सरस्वती नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य किए गए हैं।वर्ष 2013 से पहले जहां सीमित संख्या में तीर्थयात्री केदारनाथ दर्शन को पहुंचते थे, वहीं अब केदारपुरी के संवरने के बाद यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आपदा में केदारनाथ पैदल मार्ग ध्वस्त हो गया था। यद्यपि, केदारनाथ यात्रा के पहले पड़ाव गौरीकुंड से लेकर धाम तक की पैदल दूरी अब 19 किलोमीटर हो गई है, लेकिन यह मार्ग तीन से चार मीटर चौड़ा किया गया है। वर्ष 2019 से धाम में तो स्थिति यह हो गई है कि दर्शन के लिए मंदिर को पूरी रात खुला रखना पड़ रहा है। कोरोनाकाल में जरूर तीर्थ यात्रियोंकी संख्या सीमित रही, लेकिन वर्ष 2022 के बाद अब इस वर्ष 2023 भी तीर्थ यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है और प्रतिदिन 20 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं।

# पुरोला जैसे मामलों की टीवी डिबेट व सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक

## हाईकोर्ट ने याचिका पर की सुनवाई,सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल(उद संवाददाता)। पुरोला में लव जिहाद के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों की प्रस्तावित महापंचायत को लेकर हाईकोर्ट ने अब इस मामले पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही टीवी डिबेट व सोशल मीडिया पर रोक लगा दी है। महापंचायत पर रोक की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले में सरकार से तीन इस तरह के मामलों में विधि के मुताबित सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के मामलों में कोई टीवी डिबेट नहीं होगी और न ही सोशल मीडिया का उपयोग किया जायेगा। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आपत्तिजनक नारों पर भी रोक लगाई गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त रूख अपनाते हुए कहा है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस उसकी जांच करें। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार को तीन हफ्ते के अंदर पुरोला महापंचायत मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। बुधवार की दोपहर को एसोसिएशन फॉर द प्रोटक्शन ऑफ सिविल राइट्स के सदस्य अधिवक्ता शाहरुख आलम ने पुरोला में तनाव के बीच 15 जून को हिन्दू



संगठनों की महापंचायत पर रोक लगाने के लिए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष याचिका दाखिल की थी। जिसे गुरुवार को फिर से मेंशन किया गया। हाईकोर्ट में सरकार के वकील एसएन बाबुलकर ने याचिका को फर्जी व एकपक्षीय बताया। इसके साथ ही उन्होंने इस याचिका को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए निरस्त करने की प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि महापंचायत को आयोजकों द्वारा खुद ही स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीजीपी ने खुद इसकी जानकारी दी है। इसके साथ ही कहा कि याचिकाकर्ता को घटना के बारे में पूरी जानकारी ही नहीं है। याचिका में क पक्ष को आरोपित बनाया गया है जबकि दूसरे पक्ष के अपराधों को छिपाया गया है। हिंदू पक्ष पर तो आरोप लगाए गए हैं लेकिन उन्हें याचिका में पक्षकार नहीं बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि याचिका के बारे में फर्जी बयानबाजी की जा रही है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई है।

# कालिंदीखाल ट्रैक से 11 दिन बाद गंगोत्री लाया गया गाईड का शव

देहरादून। उत्तरकाशी के कालिंदीखाल ट्रैक से 11 दिन बाद बृहस्पतिवार को गाइड का शव गंगोत्री लाया गया। जहां से शव देर रात जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बीते 4 जून को ट्रैकिंग एजेंसी की ओर से जिला प्रशासन को सूचना दी गई थी कि कालिंदीखाल ट्रैक पर गए ट्रैकर्स के दल के मुख्य गाइड की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है। जिसके बाद शव को लेने के लिए स्थानीय ट्रैकिंग एजेंसी का



10 सदस्यीय दल गया था। वहीं आधे रास्ते तक एसडीआरएफ की टीम भी गई थी। बता दें की मई माह के अंतिम सप्ताह में 14 ट्रैकर्स सहित 35 सदस्य दल कालिंदीखाल ट्रैक के लिए रवाना हुआ था जो की मौसम खराब होने की वजह से करीब 20 हजार फीट की ऊंचाई पर ट्रैक के बेस कैंप में रुक गए थे। इस बीच दल के मुख्य गाइड विपेंद्र राणा निवासी रैथल की तबीयत खराब होने से मौत हो गई थी।

# धारदार हथियार से पत्नी की गला रेतकर हत्या, फरार

हरिद्वार। हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र के बुक्कनपुर गांव में मामूली कहासुनी के चलते धारदार हथियार से अपनी पत्नी का गला रेतकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस फरार पति की तलाश में जुट गई है।जानकारी के मुताबिक पथरी एसएसआई लोकपाल परमार ने बताया कि मृतक (45) अपने पति मुस्तकीम पुत्र शौकत के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद मुस्तकीम ने अपनी पत्नी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पत्नी की हत्या कर आरोपी पति मौके से फरार हो गया। घर पर मौजूद उसके बच्चों ने घबराकर शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। महिला के शव को देखकर मौके पर सनसनी मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। मृतका के दोनों तीन बेटे और दो बेटियां है।

# राजाजी टाइगर रिजर्व के जंगल में मिला बाघिन का शव

देहरादून। राजाजी टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघिन का शव मिला है। राजाजी प्रशासन की ओर से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को जला दिया गया। चीला रेंज की टीम रोजाना की तरह जंगल में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को एक बाघिन चीला बीट में मृत मिली। जिसकी जानकारी टीम ने रेंजर शैलेष घिल्डियाल को दी। सूचना मिलने पर वह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने सूचना राजाजी प्रशासन के उच्चाधिकारियों को दी। राजाजी टाइगर रिजर्व के पशुचिकित्सक डॉ. राकेश नौटियाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की दो सदस्यीय टीम ने बाघिन के शव का पोस्टमॉर्टम किया। रेंजर ने बताया कि बाघिन की उम्र लगभग 15 साल होगी। उसकी प्राकृतिक मौत हुई है।

# देहरादून में मुस्लिम संगठनों को नहीं मिली महापंचायत की अनुमति

देहरादून। पुलिस प्रशासन की सूझबूझ से देहरादून में मुस्लिम संगठनों को महापंचायत की अनुमति नहीं मिली। हांलाकि मुस्लिम संगठनों की देहरादून में 18 जून को प्रस्तावित महापंचायत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता के बाद टालने का निर्णय लिया। गुरूवार शाम को मुस्लिम संगठनों की मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री की ओर से उत्तरकाशी के पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया कराने के आश्वासन के बाद मुस्लिम संगठनों ने महापंचायत से कदम पीछे खींच लिए। पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों से दुकानें खाली कराने और उनके विरुद्ध मोर्चा खोले हिंदू संगठनों के आंदोलन के प्रतिक्रियास्वरूप देहरादून



में मुस्लिम संगठनों ने महापंचायत आहूत की थी। शासन और प्रशासन के स्तर पर तीन दिन से महापंचायत को रोकने के लिए भागदौड़ चल रही थी। इस कड़ी में बुधवार रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर और फिर गुरुवार को पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने भी मुस्लिम संगठनों के साथ बैठक की, लेकिन अनुमति नहीं मिलने से वह महापंचायत पर अड़े हुए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मुस्लिम संगठनों ने महापंचायत टालने का निर्णय लिया। मुस्लिम सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नईम कुरैशी ने बताया कि बैठक में जो बिंदु रखे गए थे, उन पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई। साथ ही पुरोला जैसी घटना दोबारा नहीं होने देने का आश्वासन दिया।

# सफेद राख के उड़ रहे गुबार से दुर्घटनाओं का खतरा

## देव ऋषि पेपर मिल प्रबंधन के खिलाफ एसडीएम ने नहीं की कार्यवाही, ग्रामीणों में आक्रोश पशुपति पेपर मिल से राख मंगाकर किया जा रहा भरान,रातभर मौत के मानिंद दौड़ते हैं डंपर

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर पट्टी इलाके में देव ऋषि पेपर मिल के प्रबंधन द्वारा हल्दुआ चौराहे पर खाली पड़े प्लॉट में सफेद राख की खेप डाले जाने से क्षेत्रवासियों समेत कारोबारियों एवं हाईवे से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों के समक्ष भारी समस्या पैदा हो गई है। तेज हवाओं से उड़ने वाली राख जहां एक और खाद्य पदार्थों में पड़कर उसे विषैला बना रही है वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों की आंखों में धूल बनकर लगातार पड़ रही राख के कारण गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। पेपर मिल के प्रबंधन से इस बारे में आसपास के ग्रामीणों ने वार्ता कर इस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया लेकिन आरोप है कि पेपर मिल प्रबंधन मनमानी से बाज नहीं आ रहा। ज्ञातव्य है कि हल्दुआ चौराहे के समीप स्थित देव ऋषि पेपर मिल का एक भारी-भरकम प्लॉट खाली पड़ा है। इसी प्लॉट पर पिछले कुछ समय से पेपर मिल प्रबंधन द्वारा डंपरों से सफेद राख का भरान कराया जा रहा है। बताते है कि सफेद राख की खेप पशुपति पेपर मिल से मंगा कर खाली पड़े प्लॉट में डाली जा रही है। पिछले कुछ दिनों से पूरी रात सफेद राख से भरे डंपर सड़क पर मौत की मानिंद दौड़ते हुए राहगीरों के लिए बड़े खतरे का सबब बने हुए हैं। इस मामले को लेकर समाजसेवी विजय रहेजा द्वारा परगना मजिस्ट्रेट को लिखित शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की गई लेकिन अब तक एसडीएम द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया फल स्वरूप हाईवे से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों को नेत्र रोग का गंभीर खतरा सताने लगा है तो वहीं दूसरी ओर



उक्त स्थान के आसपास बड़ी दुर्घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्दुआ चौराहे के पास से लेकर टोल प्लाजा तक सड़क किनारे लगे खाद्य पदार्थों के ठेलों पर भी सफेद राख की परत जमने लगी है। उधर दूसरी ओर आसपास के गांव के ग्रामीणों का कहना है कि सफेद राख से कराए जा रहे भरान के कारण गांव के लोग लगातार नेत्र व स्वास्थ संबंधी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

# विद्युत चोरी में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पॉलिटेक्निक के पीछे मौला कटोरा ताल निवासी मोहम्मद सदीक पुत्र अब्दुल शकूर, भुल्लन शाह बाबा की मजार के समीप मोहल्ला कटोराताल निवासी नाजिम पुत्र मुस्तफा तथा यहीं के अनस पुत्र सरफराज पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# भतीजा बनकर पांच लाख का लगा दिया चूना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खुद को भतीजा बताकर कनाडा में फंसे होने की बात कहकर अज्ञात युवक ने एक व्यक्ति से अपने खाते में पांच लाख रूपये डलवा लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मलकित सिंह पुत्र तारा सिंह निवासी ग्राम अमरपुर ने कहा है कि 5 जून को उसके पास एक अज्ञात का फोन आया जो अपने आप को उसका भतीजा करनजीत बता रहा था और कहने लगा कि चाचा वह कनाडा में फंस गया है उसने किसी से 8 लाख रूपये लिए थे उसको पैसे वापस करने है। उसके खाते में 5 लाख रूपये डाल दो। मलकीत का कहना है उसका भतीजा भी कनाडा में है। इसलिए उसे लगा कि उसका भतीजा ही परेशान है। उस अज्ञात व्यक्ति का यह भी कहना था कि चाचा उसके माता पिता को मत बताना उनसे मेरा झगड़ा हो गया है, वरना हमारे घर में यह बात सुनकर कोई मर जायेगा। जिस पर उसके खाते में 5 लाख रूपये डाल दियें। अब उक्त व्यक्ति फिर से भतीजा बनाकर 2 लाख रूपये और मांग रहा है। 8 जून को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जोकि कहने लगा दो लाख रूपये कब डालोगें। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड के छह जिलों के कुछ इलाकों में आज (शुक्रवार) को तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जन के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया। इसके अलावा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका जताई है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बदल रहे मौसम का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। जिसके चलते मैदानी इलाकों में लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। उधर, अगले सप्ताह 20 से 25 जून के बीच उत्तराखंड में मानसून दस्तक दे सकता है।

आवश्यकता है
रूद्रपुर स्थित इमिग्रेशन आफिस के लिये फीमेल रिशेप्सनिस्ट, आईलेट्स ट्रेनर काउंसलर की।
सम्पर्क करें:
9760000055,7617600099

# जनजागरूकता के लिए श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत महानगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर निगम रुद्रपुर द्वारा महानगर में 12 जून से चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत नैनीताल रोड़, वार्ड नं 38 आवास विकास में नगर निगम रुद्रपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुधा संस्था एवं नारी शक्ति सेना के संयुक्त तत्वाधान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गयी एवं लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रपत्र के माध्यम से जागरुक किया गया। इस अवसर पर लोगों को सूखा कूड़ा एकत्र करने के लिए बैग भी वितरित किये गये। स्वच्छता अभियान के दौरान मेयर रामपाल सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार पाठक सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी को साफ किया और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान जिला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार पाठक ने कहा कि स्वच्छता हम सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के लिए जागरूक होना होगा तभी हम पर्यावरण को भी सुरक्षित रख पायेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए लोग अपने घरों तक ही सीमित न रहें बल्कि जहां भी जायें वहां पर स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभायें। मेयर रामपाल सिंह ने सफाई सिर्फ नगर निगम की जिम्मेवारी नहीं बल्कि सभी का फर्ज है कि अपने शहर को साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि लोग जिस तरह अपने घर और कार्यालय को साफ सुथरा रखते हैं उसकी तरह पूरे शहर को साफ रखने की सोच सभी के मन में होगी तो पूरा शहर चमकता हुआ नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि लोग इधर उधर सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ों फैंक देते हैं, ऐसी मानसिकता को आज छोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहर का हर व्यत्तिफ सफाई को लेकर जागरूक होगा तभी हम शहर को आदर्श शहर बना पायेंगे। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आगामी मानसून के मौसम को देखते हुए पूरे शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। शासन ने भी निकायों को इसके लिए निर्देशित किया है। नगर निगम रूद्रपुर को स्वच्छता के मामले में शीर्ष स्थान पर लाना उनकी प्राथमिकता है। मेयर ने लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि नाले नालियां चोक होने का सबसे बड़ा कारण यही है कि लोग प्रतिबंध के बाजवूद आज भी पॉलीथीन का उपयोग कर कर रहे हैं और पॉलीथीन को नालियों में फैंक देते हैं। जिसके चलते नालियां चोक हो जाती हैं और पानी सड़कों पर फैलने लगता है जो पर्यावरण के साथ ही जनस्वास्थ्य के लिए भी घातक है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त श्रीमती राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी हर्ष पाल सिंह चंडोक, पार्षद प्रतिनिधि राजेश जग्गा,आलोक पांडेय, सेनेटरी इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह, दीपक पंत शुभम पाल, सविता, प्रिया सैनी, सुनीता, गौतम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




# 200 बालिकाओं को दी जाएगी निःशुल्क शिक्षा

गदरपुर(उद संवाददाता)। आसरा ट्रस्ट द फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए निशुल्क शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया । राजीव गांधी कंप्यूटर सेंटर करतारपुर गदरपुर में किराए पर लिए गए कक्ष में आसरा ट्रस्ट के मेंटर्स विनीता चौधरी एवं कुमारी सुरभि तथा टयूटर्स सपना, ममता, गुड़िया ,दीपा मौर्य, ज्योति सक्सेना तथा कुमारी प्रियंका द्वारा बालिकाओं को मौखिक जानकारी देते हुए



आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस के द्वारा जागरूकता शिक्षा अभियान के बारे में बताया गाय साथ ही यह भी बताया गया है कि बालिका शिक्षा क्यू जरूरी है।प्रथम दिन लगभग 5 दर्जन बालिकाओं द्वारा बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई। इस मौके पर छात्राओं के अलावा अभिभावक भी उपस्थित थे। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान, समाजिक विज्ञान ,गणित ,अंग्रेजी आदि विषयों की निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी ।

# राम चंद्र राय ने शुरु किया जनचेतना अभियान



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।कथा वाचक व बंगाली कल्याण समिति शक्तिफार्म अध्यक्ष राम चंद्र राय ने जनचेतना अभियान शुरु किया है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज को नौकरी में आरक्षण दिया जाये ताकि समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को इसका लाभ मिल सके। बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में बांग्ला भाषा लागू हो । अपनी संस्कृति, साहित्य,कला, सामाजिकता को बचाए रखना हमारा उत्तरदायित्व है।

# डीएम ने किये भूलेख अधिष्ठान कार्मिकों के स्थानांतरण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने वार्षिक स्थानान्त्ररण अधिनियम-2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत जनपद के भूलेख अधिष्ठान के कार्मिकों के स्थानान्त्ररण आदेश पारित किये है। जिलाधिकारी ने राजस्व उप निरीक्षक राजीव कुमार को काशीपुर से गदरपुर, लक्ष्मण सिंह जंगपांगी को रूद्रपुर से बाजपुर, मोहन सिंह रावत को रूद्रपुर से बाजपुर, फरहाना तबस्सुम को बाजपुर से जसपुर, दलजीत सिंह को किच्छा से रूद्रपुर, कुलवीर सिंह को काशीपुर से खटीमा, नवीन कुमार को जसपुर से खटीमा, सुशील कुमार जुनेजा को जसपुर से रूद्रपुर, नितिन कुमार को किच्छा से बाजपुर, श्रीमती बीना मियान को जसपुर से सम्बद्धता समाप्त करते हुये जसपुर, दीपक सिंह को जसपुर से नानकमत्ता, राजस्व निरीक्षक महेश चन्द्र चौहान को किच्छा से जसपुर, राजस्व कानूनगो हेमराज सिंह चौहान को जसपुर से खटीमा स्थानान्त्ररण किया है। उन्होने कहा है कि उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होंगे। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अधीनस्थ स्थानान्तरित कार्मिक को बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के नवीन स्थानान्तरित तहसील पर तीन दिन के भीतर अपनी योगदान आख्या दिये जाने हेतु कार्यमुक्त करना सुनिश्चित करें।

# डीएम ने दिये सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक पुलिस, जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियो के साथ



जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने लोनिवि, नगरपालिका, वन विभाग, जल निगम, एनएच के विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनके विभाग से संबंधित सरकारी जमीन, सड़क, वन पंचायतों में हो रहे अतिक्रमण पर तत्काल सम्बन्धित अतिक्रमणकर्ता को नोटिस देते हुए एक सप्ताह के भीतर सम्बन्धित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस हेतु सम्बंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी व पुलिस विभाग का सहयोग लेते हुए सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण/अवैध निर्माण को हटाना सुनिश्चित करें।बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी धारचूला को निर्देश दिए कि वे धारचूला एवम मुनस्यारी में सड़क किनारे रेहडी लगाकर बिना सत्यापन व्यापार कर रहे बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन भी अभियान चलाकर करें। इस हेतु वह राजस्व, जीएसटी एवम पुलिस विभाग के साथ मिलकर आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, एडीएम फिंचा राम चौहान, एसडीएम सदर अनुराग आर्य, एसडीएम बेरीनाग अनिल कुमार शुक्ला, वीसी के माध्यम से जुड़े एसडीएम धारचूला दिवेश शशनी, अधिसासी अभियंता जल निगम आरएस धर्मसत्तू, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजदेव जायसी समेत सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पुस्तकालय और बहुउद्देशीय बैराज परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से पुस्तकालय के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्रा छात्राओं की संख्या देखकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने पुस्तकालय परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को पुस्तकालय के विस्तार एवं पाठकों के लिए और अधिक सुविधाएं बढ़ाने तथा पुस्तकालय परिसर को बढ़ाने के लिए जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने एवं अनुपयुक्त भवनों एवं सामग्री का निस्तारण कर भवनों को बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। जिससे और अधिक संख्या में पुस्तकालय में पाठकों के लिए स्थान बढ़ाया जा सकेयहां जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक, अतरेय सयाना समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेइसके पश्चात जिलाधिकारी ने द्वाराहाट ब्लॉक के ग्राम च्यालि के समीप गगास नदी पर बन रहे बहुउद्देशीय बैराज परियोजना का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान



जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था सिंचाई खंड रानीखेत के अधिकारियों से परियोजना के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की तथा कार्य में प्रगति लाने एवं नए सिरे से तय की गई समय सीमा के अंतर्गत कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सिविल तथा मैकेनिकल कार्यों को साथ साथ चलाया जाए। उन्होंने कहा कि संसाधनों को बढ़ाकर जल्द से जल्द कार्य को पूरा किया जाए इस दौरान अधिशाषी अभियंता सिंचाई खंड रानीखेत ललित मोहन कुड़ियाल समेत अन्य सांबा धीर अधिकारी उपस्थित रहे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# उत्तराखंड में 3 वर्षों में अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न के 360 मुकदमें दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैसे शांत प्रदेश में धर्म व जाति के आधार पर अपराधों सहित विभिन्न अपराधों का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। पिछले 3 वर्षों में अनुसूचित जाति व जनजातियों के विरूद्ध किये गये अपराधों के 360 अपराधिक मुकदमें दर्ज हुये हैं। इसमें 72 बलात्कार, 10 हत्या, 24 अपहरण के मुकदमें भी शामिल हैं। कुमाऊं में दर्ज 154 मुकदमों की अपेक्षा 33 प्रतिशत से अधिक 206 मुकदमें गढ़वाल के जिलों में दर्ज हुये हैं। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से पिछले वर्षों में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विरूद्ध किये गये अपराधों के मुकदमों के विवरण की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने अपराधों से से सम्बन्धित विवरणों की फोटो प्रतियां अपने पत्रांक 647/2022 के साथ उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न के कुल 360 अभियोग पिछले 3 वर्षों (2020, 2021 तथा 2022) में दर्ज कराये गये है। इसमें 2020 में 111, 2021 में 130 तथा 2022 में 119 मुकदमें दर्ज हुये हैं। कुमाऊं के 6 जिलों में 154 तथा गढ़वाल के 7 जिलों में 206 मुकदमें दर्ज हुये हैं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ऐसे मुकदमें दर्ज हुये हैं। अपराध वार दर्ज हुये मुकदमों में हत्या के 10, डकैती व लूट का 1-1, अपहरण के 2, बलात्कार के 72, गंभीर चोट के 6, धारा 506 आई.पी.सी. (धमकी) के 21, अन्य अपराधों के 176, एस.सी.एस.टी. एक्ट के 71 मुकदमें शामिल है। वर्ष 2022 में दर्ज 119 मुकदमों में हत्या के 3, डकैती व लूट, अपहरण का 1-1, बलात्कार के 24, गंभीर चोट के 3, धमकी के 3, अन्य 55 तथा एस.सी.एस.टी.एक्ट के 28 मुकदमें शामिल है। वर्ष 2021 में दर्ज 130 मुकदमों में हत्या के 3, अपहरण का 1, बलात्कार के 27, गंभीर चोट के 2, धमकी के 16, अन्य अपराधों के 59, एस.सी.एस.टी एक्ट के 22 मुकदमें शामिल है। वर्ष 2020 में दर्ज 111 मुकदमों में 4 हत्या, 21 बलात्कार, 1 गंभीर चोट, 2 धमकी, 62 अन्य अपराध, 21 एस.सी.एस.टी. एक्ट के मुकदमें शामिल है। जिलेवार अनुसूचित जाति जनजाति के विरूद्ध अपराधों में सर्वाधिक 96 मुकदमें हरिद्वार जिले में, दूसरे स्थान पर 66 उधमसिंह नगर में, तीसरे स्थान पर 48 देहरादून, चौथे स्थान पर 45 नैनीताल जिले में दर्ज हुये है। अन्य जिलों में दर्ज मुकदमों में अल्मोड़ा में 12, बागेश्वर में 7, पिथौरागढ़ में 17, चम्पावत में 7, उत्तरकाशी में 14, टिहरी गढ़वाल में 23, चमोली में 3, रूद्रप्रयाग में 2, पौड़ी गढ़वाल में 19 मुकदमें शामिल हैं। वर्ष 2022 में दर्ज जिले वार अपराधों में 55 कुमाऊं के जिलों में तथा 64 गढ़वाल जिले में दर्ज हुये हैं। इसमें अल्मोड़ा जिले में 9, बागेश्वर व चम्पावत में 2-2, पिथौरागढ़ में 6, नैनीताल में 16 तथा उधमसिंह नगर जिले में 20 मुकदमें शामिल है। जबकि गढ़वाल के उत्तरकाशी में 5, टिहरी गढ़वाल में 8, चमोली में 1, रूद्रप्रयाग में 2, पौड़ी गढ़वाल में 3, देहरादून में 23 तथा हरिद्वार में जिले में 22 अपराधिक मुकदमें शामिल है। वर्ष 2021 में दर्ज जिलेवार मुकदमों में 59 कुमाऊं तथा 71 गढ़वाल के जिलों में दर्ज हुये हैं। कुमाऊं के जिलों में अल्मोड़ा में 1, बागेश्वर में 2, पिथौरागढ़ में 8, चम्पावत में 3, नैनीताल में 15, उधमसिंह नगर में 30 अपराधिक मुकदमें दर्ज हुये जबकि गढ़वाल के उत्तरकाशी में 4, टिहरी गढ़वाल में 7, चमोली में 2, पौड़ी गढ़वाल में 9, देहरादून में 10 तथा हरिद्वार में 38 अपराध दर्ज हुये हैं। इस वर्ष रूद्रप्रयाग जनपद में ऐसा कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। वर्ष 2020 में दर्ज जिलेवार मुकदमों में कुमाऊं के जिलों में 40 तथा गढ़वाल के जिलों में 71 मुकदमें दर्ज हुये हैं। कुमाऊं के जिलों में अल्मोड़ा तथा चम्पावत में 2-2, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ में 3-3 तथा नैनीताल में 14, उधमसिंह नगर जिले में 40 मुकदमें दर्ज हुये है। जबकि गढ़वाल के उत्तरकाशी में 5, टिहरी गढ़वाल में 8, पौड़ी गढ़वाल में 7, देहरादून में 15 तथा हरिद्वार में 36 मुकदमें दर्ज हुये हैं। इस वर्ष चमोली व रूद्रप्रयाग जिले में कोई अ.जाति, जनजाति उत्पीड़न/अपराध का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# लड़खड़ाकर पटरी पर गिरे युवक की ट्रेन से कटी जांघ,मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस चोरगलिया रोड़ स्थित रेलवे क्रॉसिंग को पार करने के दौरान एक युवक अचानक ट्रेन को सामने आता देख घबरा गया और भागने के प्रयास में लड़खड़ाकर पटरियों पर जा गिरा। इसी दौरान तेज गति जेई जाती ट्रेन से कुचलकर उसकी जांघ के दो टुकडे हो गए। चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी 26 वर्षीय नईम पुत्र कल्लू कबाड़ का कारोबार करता है। बताया जाता है उसकी मानसिक स्थिति



ठीक नहीं है। गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे जिस समय चोरगलिया रोड पर ट्रेन आने के कारण क्रासिंग बंद था। इसी बीच नईम रेलवे ट्रैक पार करने लगा। सामने से ट्रेन आ रही थी हड़बड़ी में वह लड़खड़ा कर रेलवे ट्रैक पर गिर गया। इससे पहले कि वह संभल पाता ट्रेन उसकी जांघ के ऊपर से गुजर गई। उसके दोनों पैर जांघ से दो टुकड़े हो गए। यह नजारा देख रहे लोगों की रूह कांप गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है घायल नईम को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को फोन किया गया। जिसके बाद एंबुलेंस के आने का इंतजार किया जाने लगा। इसी बीच सूचना पाकर नईम का बड़ा भाई फईम मौके पर पहुंच गया। इस बीच करीब आधा घंटा गुजर गया और नईम ट्रैक पर पड़ा तड़पता रहा, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। जिसके बाद फईम घायल भाई को ई-रिक्शा से लेकर अस्पताल पहुंचा। नईम का खून काफी बह चुका था और एसटीएच पहुंचने के कुछ देर बाद ही नईम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है मौजूद लोगों ने नईम को क्रॉसिंग पार करने से रोका भी था लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी।

# फ्लाईओवर की बदहाल सर्विस रोड के पुनः निर्माण कार्य का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े फ्लाईओवर के नीचे एनएच 74 सर्विस रोड के पुनः निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। बता दें एलॉन्स कालोनी से मुख्य द्वार से होते हुए फ्लाईओवर के नीचे मार्ग की हालत काफी समय से खराब थी जिसमे गड्ढे होने के कारण जलभराव ओर आये दिन दुर्घटना व धूल का गुबार की स्थिति बनी हुई थी जिसको विधायक शिव अरोरा ने एनएच अधिकारियों से वार्ता से वार्ता कर सर्विस रोड के पुनः निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया था, जिसपर विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में कार्य प्रारंभ कर दिया। विधायक अरोरा ने कहा कि इसका निर्माण इस प्रकार हो, कि इसमें पानी निकासी को ध्यान में रखा जाये, इस सर्विस रोड का प्रयोग आस पास से लगने वाली कई कालोनी के लोग करते हैं। इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष के के दास, एलॉन्स सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, सचिन मुंजाल, नीरज बत्रा, प्रवीण गोयल, हरनाम चौधरी, अंशुल अरोरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सम्मेलन की सफलता पर जताया आभार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कल बृहस्पतिवार को गगन ज्योति बरात घर में आयोजित महिला कांग्रेस कार्यकर्ता आयोजित किया गया था, जिसमें प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंची थी। यहां कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति को कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने कार्यक्रम में आई सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से भीषण



सम्मेलन में पहुंची सैकड़ों महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कल बृहस्पतिवार को गगन ज्योति बरात घर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन देखकर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने श्रीमती शर्मा की पीठ थपथपाई और सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इधर श्रीमती शर्मा और महानगर महिला गर्मी के बावजूद महिला सम्मेलन में सैकड़ों महिलाएं पहुंची उससे उनके अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है स उन्होंने सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब तथा सरदार इकबाल सिंह ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की विकास भवन सभागार में समीक्षा की। उपाध्यक्ष श्री नईम ने बैठक में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता जल संस्थान, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जनपद की समस्त नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों का स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी पूरी तैयारियों एवं जानकारियों के साथ आगामी बैठकों उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का लाभ दुरस्थ क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ जनहित में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिये कि आयुष्मान योजना का लाभ गरीब जनता को मिले। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान योजनान्तर्गत इम्पेनल्ड चिकित्सालय तथा लेब किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा न कर सकें, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करे। उन्होंने आयुष्मान योजनान्तर्गत इम्पेनल्ड चिकित्सालयों तथा जांच केन्द्रों के साथ अल्पसंख्यक योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की खानापूर्ति न की जाये। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जनपद के खस्ताहाल विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु प्रधानमंत्री जन विकास योजना में प्रस्तावित किये जाये तथा विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, विभिन्न विषयों में विषयवार



आयोग की एक सप्ताह के भीतर बैठक कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार का मुख्य मकसद है कि हर हाथ में काम होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि रिक्त पदों का विवरण तलब किया। उन्होंने मौलाना आजाद एजुकेशन फाईनेन्स फाउण्डेशन योजनान्तर्गत एमबीबीएस के छात्रों पर अधिक फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जनपद में तैनात सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों का विकासखण्डवार रोस्टर तैयार किया जाये और सहायक अ.क.अधिकारी प्रतिमाह अपनी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हुनर योजना की गहनता से मोनीटरिंग की जाये। इसके साथ ही पुलिस, मत्स्य, खादी एवं ग्रामोद्योग, पुलिस, समाज कल्याण, पेयजल, उद्यान, डेयरी, श्रम आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। सरदार इकबाल सिंह ने कृषि, उद्यान आदि विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त के अलावा परवेज खान, असलम सलमानी, जुल्फिकार अली, सुजातयार खान, सलीम खान, फैजान रजा सहित समबन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# निबंध प्रतियोगिता में अमरजीत प्रथम

रामनगर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधानचौड़ नैनीताल में प्रभारी प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार के निर्देशानुसार स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ उत्तराखंड, स्वच्छ समाज, स्वच्छता अभियान और स्वच्छता का महत्व दिया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिसमें बीए द्वितीय सेमेस्टर के अमरजीत प्रसाद प्रथम स्थान, द्वितीय वर्ष की विशाखा द्वितीय स्थान, और बीए द्वितीय वर्ष की प्रीति और तराना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।



निर्णायक मंडल में डॉ. खेमकरण सोमन, प्रो. प्रदीप चंद्र एवं डॉ. आनंद प्रकाश रहे। डॉ. सोमन ने कहा कि निबंध किसी भी विषय पर सोचने का सही रास्ता देता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी क्षमतानुसार ज्यादा से ज्यादा विषय पढ़ने चाहिए क्योंकि सभी विषय समाज से जुड़े हुए हैं इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों के लिए स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के तहत मुख्य कार्य और एनयूएलएम के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की विशेष बैठक करके उन्हें लगातार स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। गीले तथा सूखे हुए कूड़े को सोर्स पर ही पृथक करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो. प्रदीप चंद्र, लीलाधर पपने, मोव नफीस, कपिल कुमार, शुभम ठाकुर, जसवंत सिंह और जगदीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# भारत को विश्व गुरू की भूमिका में खड़ा करना संघ का लक्ष्य : चक्रधर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत अपने परम वैभव को प्राप्त कर पुनः विश्व गुरू की भूमिका में खड़ा होकर विश्व अपना परचम लहराये। यह बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष के समापन समारोह में स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश सामान्य नागरिक से खड़ा होता है। इसलिए सामान्य नागरिक के सद्गुणों को आगे बढ़ाना होगा। देश को खड़ा करने के लिए सामान्य जनता व सरकारी संसाधनों के संयुक्त प्रयास की जरूरत है। जैसे जैसे सद्गुणों के विकास होने के साथ सामान्य जनता में देश प्रेम का भाव जागृत होता है। वैसे ही देश आगे ही बढ़ता चला जाता है। उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या को एसेट में बदलने का काम आरएसएस करता है। श्री चक्रधर ने कहा कि जब मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य होगा तभी वह पढ़ाई, नौकरी व खेती के साथ समाज तथा देश की सेवा कर सकेगा। अगर वह स्वस्थ्य नहीं है तो भगवान को चार अगरबत्ती भी नहीं दिखा पायेगा। देश भर में संघ के शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवकों कों शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत कर उन्हें अच्छा नागरिक बनाया जाता है। जिससे उनमें देश व समाज की सेवा का भाव विकसित होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते पंत विवि के कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग में किया गया अभ्यास स्वयंसेवक के जीवन का हिस्सा बन जाता है। जिसके फलस्वरूप समाज के चारित्रिक विकास के साथ ही उनके अंदर देश प्रेम की भावना विकसित करने का काम शिक्षार्थी करते हैं। वर्ष 2047 में भारत विश्व में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जायेगा। वर्ग कार्यवाह प्रदीप जोशी एवं जिला संघचालक अशोक जयसवाल ने भी अपने विचार रखें। समापन समारोह में वर्ग पालक क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार, विधायक शिव अरोरा, काशीपुर मेयर उषा चौधरी, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, काशीपुर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विभाग व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय अग्रवाल ,नगर संघचालक लक्ष्मी नारायण, जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार खनिजो, भारत भूषण चुघ, प्रीत ग्रोवर, शिवांश छाबड़ा ,राजेश बजाज ,शक्ति बठला, अमित गंभीर, सुरेश कोली, मनोज गाबा, कीर्ति सिंह, हरीश चंद्र नौटियाल, राजेश अरोरा, हरनाम चौधरी ,मनीष अग्रवाल, समरपाल,राजेंद्र बिष्ट , विजय सक्सेना, श्याम अग्रवाल, भवानी शंकर अध्यक्ष भारत विकास परिषद हल्द्वानी, अमित अग्रवाल, पवन जैन, अनिल मुटनेजा, सार्थक मुटनेजा, विष्णु सक्सेना, मनीष अग्रवाल, विवेक सक्सेना, हरविंदर सिंह विर्क ,भूपेंद्र सिंह चौहान, डॉ. छाया शुक्ला,दीपक अरोरा, लक्ष्मी नारायण , पराग कौशिक, तुलसी प्रसाद भट्ट, सुनीता चौधरी, ममता रानी, रेखा सरकार ,दीपा चौधरी, मालती बिष्ट , मोनिका अरोरा, दीपाली अरोरा, सुधीर चौधरी, प्रकाश सिंह बिष्ट ,भुवन चंद नौटियाल ,राजकुमार अरोरा ,पंकज अरोरा, महेश चंद्र जैन, हरेंद्र राणा, जगदीश यादव, सुरेंद्र मोहन ,विवेक ठाकुर, महादेव मंडल, अरुण विश्वास, सुनीता विश्वास, जयचंद कंबोज, नेहा फुटेला, सरिता मंडल, विष्णु मंडल, हरिपद सरकार, कन्हाई मिस्त्री, श्यामल सरकार , विभूति नारायण पाठक आदि मौजूद थे।














उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सहजीवन की दुश्वारियां

जीवन जीने की आजादी का अर्थ बहुत सारे युवाओं ने स्वच्छंद जीना समझ लिया है। आधुनिकता के नाम पर युवाओं ने जीवन को अपने ढंग से जीने की आजादी लगभग हासिल कर ली है। लगता है, शिक्षित समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे उनका अधिकार मान कर स्वीकार भी कर चुका है। रूढ़ियों को ढोते रहना प्रगतिशील समाज की निशानी भी नहीं होती। मगर दिक्कत तब होती है, जब समाज की मूल बनावट और उसके मिजाज को रूढ़ि करार देकर ध्वस्त करने का प्रयास किया जाता है। जीवन जीने की आजादी का अर्थ बहुत सारे युवाओं ने स्वच्छंद जीना समझ लिया है। इसी का नतीजा है कि अपनी पसंद के किसी साथी के साथ बिना विवाह के रहना एक आम प्रवृत्ति बनती जा रही है। शुरू में इस प्रवृत्ति का पुरजोर विरोध हुआ, मगर कुछ लोगों ने इसके पक्ष में आवाजें उठानी शुरू कर दीं, सहजीवन को निजता के अधिकार से जोड़ कर देखा जाने लगा, तब यह प्रवृत्ति अपनी जड़ें जमाती गई। अब इसके अनेक नकारात्मक प्रभाव नजर आने लगे हैं। सहजीवन में रह रहे जोड़ों के हिंसक व्यवहार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। मगर इस प्रवृत्ति में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा। केरल उच्च न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में कहा कि सहजीवन को किसी भी वैवाहिक कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है। दरअसल, केरल में बिना विवाह के साथ रह रहे एक जोड़े ने अदालत में तलाक की अर्जी लगाई थी। बिना विवाह किए साथ रहने में यह तो आजादी है कि दोनों में अगर किसी तरह का मतभेद होता है और वे अलग होना चाहते हैं, तो हो सकते हैं। इसी आजादी के चलते बहुत सारे युवा सहजीवन में रहने का फैसला करते हैं। मगर दिक्कत तब शुरू होती है, जब वैवाहिक संबंधों को ध्यान में रखते हुए बने कानूनों के उपयोग की बारी आती है। सहजीवन में रह रही लड़कियां घरेलू हिंसा के मामले में किसी तरह की कानूनी सहायता नहीं प्राप्त कर पातीं। ऐसे जोड़ों का प्राय: अपने परिवार से संबंध विच्छेद हो चुका होता है, इसलिए वहां से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिल पाती। विवाह के बाद एक लड़की को जो कानूनी सुरक्षा और अधिकार मिल जाते हैं, वह सहजीवन में रहते हुए नहीं मिल सकते। इस तरह वह न तो किसी भी रूप में अपने भरण-पोषण का दावा कर सकती है और न अपने साथी की संपत्ति में हिस्सा मांग सकती है। अगर सहजीवन में रहते हुए उन्हें किसी संतान की उत्पत्ति होती है, तो उसका अधिकार भी बाधित रहता है। हर समाज की अपनी अलग संरचना होती है। भारतीय समाज में किसी भी स्त्री-पुरुष को बिना विवाह के साथ रहने की इजाजत नहीं है। यहां स्त्री-पुरुष का साथ केवल जिस्मानी नहीं, कई स्तरों पर जुड़ा होता है। फिर भी पश्चिमी प्रभावों में कुछ युवा अपनी आजादी का तर्क देते हुए बिना विवाह के साथ रहना शुरू कर देते हैं। उन्हें लगता है कि विवाह एक प्रकार की सामाजिक झंझट है, इससे व्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म हो जाती है। मगर वे शायद भूल जाते हैं कि उनकी मानसिक बुनियाद इसी समाज में तैयार हुई है और इसी सामाजिक वातावरण में उन्हें रहना पड़ता है, इसलिए शादी न करने के बावजूद उनके सामने भी वही दुश्वारियां, वही संघर्ष पेश आते हैं, जो सामान्य वैवाहिक जीवन में आती हैं। इस तरह बेशक वे समाज में अलग-थलग पड़ जाते हैं। जब तक इस संबंध में कोई कानून नहीं बन जाता, जो कि खासे विवाद का विषय है, सहजीवन की दुश्वारियां समाप्त नहीं होंगी।

# वित्त और निर्वाचन सचिव ने जनसंवाद कर सुनी समस्याएं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सरकार जनता के द्वार के तहत वित्त,व निर्वाचन सचिव दिलीप जावलकर ने ग्राम देवलचौरा में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को निरीक्षण करते हुए जन संवाद किया। सचिव ने उद्यान विभाग के माध्यम से आन सिंह नगरकोटी द्वारा लगाये गये पॉलीहाउस व जल जीवन मिशन के अंतर्गत देवलचौरा पेयजल पंपिंग योजना एवं अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सचिव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 9.54 करोड की लागत निर्माणाधीन देवलचौरा पेयजल पंपिंग योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पेयजल निगम ने बताया कि पंपिंग योजना से 11गांवों के लगभग चार हजार आबादी लाभान्वित होगी। सचिव ने ईई को पेयजल योजना तय समय के भीतर पूर्ण करने के साथ ही कार्य गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के माध्यम से देवलचौरा में आन सिंह नगरकोटी द्वारा लगाए गए पॉलीहाउस में हुए उत्पादन की सराहना करते हुए कहा कि काश्तकार अधिक से अधिक पॉलीहाउस लगाकर अपनी आर्थिकी मजबूत करें। ब्लॉक द्वारा मनरेगा के अंतर्गत देवलचौरा में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सरोवर में समूह के माध्यम से मत्स्य पालन को बढावा देने के निर्देश दिए। सरकार जनता के द्वार के तहत क्षेत्र में जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन एवं जनता से वार्ता कर उनकी आवश्य कताओं एवं समस्याओं का जायजा लेने सचिव देवलचौरा पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय में क्षेत्रीय जनता से संवाद किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा के माध्यम से चार गौशाला,शौचालय, सीसी मार्ग व भूमि सुधार कार्य किए जा रहे है। उन्होंने मुख्य सडक मार्ग से चिनौली राजस्व गांव तक सड़क बनाने, देवलचौरा में खेल मैदान, मंडी समिति खोलने तथा गांव में चौकबंधी बनाने की मांग रखी। सचिव ने ग्राम वासियों से वार्ता करते हुए वहां के विद्यालयों, खेतीबाडी, सब्जी उत्पादन, मनरेगा, सिंचाई, पॉलीहाउस संबंधी जानकारियां ली। मौजूद ग्रामीणों नेजानकारी देते हुए बताया कि देवलचौरा में राप्रावि में18 बच्चे है, हाईस्कूल में 115 बच्चे तथा शिशु मंदिर में40 बच्चे एवं एक अन्य निजी विद्यालय में 85 बच्चे पढते है। सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारियां लेते हुए नई शिक्षा निति की जानकारियां दी। उन्होंने क्षेत्र में जैविक खेती व सब्जी उत्पादन को बढावा देने के साथ ही काश्तकारों के जैविक प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश कृषि एवं उद्यान विभाग को दिए व उनके उत्पादों के विपरण की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश को आंगनबाडी एवं पॉलीहाउस से पूर्ण आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है, इसलिए अधिकारी इस दिशा आगे बढते हुए त्वरित कार्य करें। सचिव ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए विस्तृत जानकारियां ली। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि गांवों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा व आंगनबाडी तथा पॉलीहाउस के निर्माण में गति लायी जायेगी।इस दौरान जनसंवाद और भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, मत्स्य अधिकारी मनोज मियान, सहायक निदेशक दुग्ध अनुराग मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आर चन्द्रा, जिला कार्यक्रम अधिकरी अनुलेखा बिष्ट, सिंचाईविभाग के ईई केके जोशी, जल संस्थान सीएस देवडी, पेयजल निगम वीके रवि, लघु सिंचाई विमल सुमटा, विद्युत मुहम्मद अफजाल, प्रधान भागीरथी मेहता, पुष्पा देवी, मंजु नगरकोटी, नवीन कुमार समेत अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।






## श्री कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी : सीएम

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सभी प्रदेशवासियों व सम्पूर्ण देश से आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा, भक्ति एवं विश्वास के पावन स्थल एवं हनुमान जी के अनन्य भक्त बाबा नीब करौरी द्वारा स्थापित कैंची धाम के स्थापना दिवस की शुभकामना दी। कैंची धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमन्त्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने दो घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि तहसील कोश्या कुटोली, जनपद नैनीताल का नाम बाबा नीब करौरी के धाम के नाम से तहसील ''श्री कैंची धाम'' होगा। वर्ष भर श्री कैची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम हो, इस हेतु भवाली सैनिटोरियम से रातीघाट तथा भवाली सैनिटोरियम से नैनी बैण्ड के बाईपास सड़क का निर्माण तीव्रता से करते हुए अगले वर्ष श्री कैंची धाम के स्थापना दिवस से पूर्व पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा।



# गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड कैसे रखें?

क्या आपको गर्मी के मौसम में धूप, त्वचा पर होने वाले फोड़े-फुंसियां और प्यास से डर लगता है? आयुर्वेद की मदद से गर्मियों में होने वाली हर समस्या से निजात पाइए। प्राचीन संतों के ज्ञान को जानिए और गर्मी को मात दीजिए इससे पहले कि वो आपको हरा दे। बसंत के बाद हमें धीरे-धीरे गर्मी के बढ़ने का एहसास होता है। यह गर्मी के मौसम के आने का संकेत होता है। यहाँ से तापमान बढ़ना शुरु होगा तब तक जब तक कि ये बिल्कुल ही तपने ना लगे। ऐसे में जब बाहर भयंकर गर्मी पड़ेगी तो क्या आप इस गर्मी में शरीर को संतुलित रखने के लिए तैयार हैं? पंखे, कूलर और ए.सी. चलाने के अलावा आपके पास खुद को शांत, संतुलित और ठंडा रखने का कोई विकल्प है? तकनीक आपको आपके घर या दफ्तर के अंदर ठंडा रखने में मदद कर सकती है लेकिन कभी ना कभी तो आपको बाहर की गर्मी का सामना करना ही पड़ेगा। प्राकृतिक उपचार के सबसे पुराने विज्ञान आयुर्वेद के मुताबिक जब बाहर गर्मी बढ़ने लगे तो उसके साथ संतुलन बनाने का एक ही रास्ता है वह है शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से खुद को अंदर से ठंडा रखने के रास्ते तलाशना। गर्मी आने पर इसके कई लक्षण दिखने लगते हैं जैसे शरीर का बहुत ज्यादा गर्म हो जाना, पानी की कमी, पसीना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना,तेज धूप से त्वचा का झुलसना, मुँहासे, डायरिया और हाँ चिड़चिड़ापन और आलस भी। हमने नीचे कुछ आसान तरीके दिए हैं जिससे आप गर्मियों में मन और शरीर का संतुलन बनाए रख सकते हैं और गर्मी का मजा उठा सकते हैं ।

**ठंडा रखने वाला स्नान:** एक अच्छे दिन की शुरुआत करने का सबसे अच्छा रास्ता है ठंडे पानी से नहाना। यह पहला काम है जो आप सुबह करते हैं, तो इसे ही सबसे बेहतर बनाइए। ठंडे पानी से नहाइए। पुदीने की ताजा या सूखी पत्तियां लीजिए और उसे आधे घंटे तक उबालिए। अब इसके पानी को छानकर ठंडा होने के लिए रख दीजिए। नहाने के बाद इस पानी को अपने पूरे शरीर पर लगाइए खासतौर से उन जगहों पर जहां आपको ज्यादा पसीना आता हो। पुदीना त्वचा को ठंडा और ताजा रखता है साथ ही यह आपके दिमाग को शांति देता है। इसके अलावा आप गुलाब की पंखुड़ियों या गुलाब के अर्क से बने तेल का इस्तेमाल भी नहाने के दौरान कर सकते हैं। अगर आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं तो इसे अपने बाथटब या पानी में रात भर भीगने के लिए रख दें। गुलाब शरीर और मन को ताजगी से भर देता है। यह त्वचा को मुलायम, कोमल और चमकदार बनाता है। यही नहीं यह आपकी त्वचा को धूप में जलने से भी बचाता है। ताजगी से भरा ठंडा स्नान करके अब आप तपा देने वाली गर्मी का सामना मुस्कुराहट के साथ करने को तैयार हैं।

**ठंडा रखने वाले पेय:** हम आगे बढ़ें, उससे पहले ही आपको आगाह कर दें कि गर्मी में ठंडक पाने के लिए कभी भी ठंडे बोतलबंद जूस या कार्बोनेटेड पेय पदार्थ ना पिएं। यह ना सिर्फ आपका हाजमा बिगाड़ेंगे बल्कि आपके शरीर की बीमारियों से लड़ने वाली प्रणाली को नुकसान पहुँचाएंगे। यही नहीं ठंडे या बर्फ से बने पेय पदार्थ पाचन तंत्र के लिए बहुत नुकसानदायक हैं क्योंकि ये जठराग्नि यानि पाचन तंत्र की क्रियाओं को रोक देते हैं। मथे हुए और सामान्य तापमान पर रखे गए ताजा फलों के रस और शरबत को पीना ही फायदेमंद है। अंगूर का रस, तरबूज शेक, लस्सी,बेल का शरबत और आम पना गर्मियों में ताजगी देने वाले और तंदुरुस्त रखने वाले पेय हैं। आपको गर्मियों में शरीर की नमी को बनाए रखने के लिए बहुत सारा ठंडा पानी भी पीना चाहिए। इस मौसम में शरीर को नम बनाए रखना बेहद जरुरी है।

**ठंडा रखने वाला आहार:** आयुर्वेद में बहुत से फल और सब्जियां, जो मीठी, रसीली, खट्टी और कसैली होती हैं उन्हें खाने पीने की चीजों की लिस्ट में रखा गया है क्योंकि यह शरीर को ठंडा रखती हैं। खरबूजा, तरबूज, नाशपाती, चेरी, आम और अंगूर जैसे फल फायदेमंद हैं। सब्जियां जैसे ब्रोकली, तोरई और शतावरी में भी शरीर को ठंडा रखने के गुण होते हैं। अपने सलाद में खीरे का इस्तेमाल करें। गर्मी के मौसम में खट्टे और मसालेदार खानपान से बचें। शरीर को ठंडा रखने वाले मसाले जैसे पुदीना, सौंफ, चक्र फूल और इलायची का इस्तेमाल खाना बनाने में करें। आपको गर्म तासीर वाली चीजों जैसे टमाटर, काली मिर्च, मूली, प्याज, लहसुन और पालक खाने से बचना चाहिए।

**ठंडा रखने वाले व्यायाम:** गर्मियों में शरीर को तंदुरुस्त रखने का बेहतरीन व्यायाम है तैराकी। यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक और आराम पहुंचाता है बल्कि रंगत सुधारने और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में भी मददगार है। पार्क में सुबह और शाम की सैर इस मौसम में शरीर और मन दोनों को आराम पहुंचाती है। इसके अलावा आयुर्वेद में शरीर और मन को ठंडक, चमक और शांति पहुंचाने के लिए शीतली प्राणायाम करने की भी सलाह दी गई है।

**ठंडा रखने वाली दिनचर्या:** तनाव और ज्यादा काम गर्मी के असर को ज्यादा बढ़ा देता है। समय पर काम निपटाने का तनाव, काम का दबाव, अपने लिए कम वक्त निकाल पाना और रोज लंबी दूरी तय करना गर्मी के मौसम में तनाव को ज्यादा बढ़ा देता है। आपको अपने काम की योजना बनानी चाहिए और समय पर काम खत्म करने का तरीका सीखना चाहिए। इससे आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ ज्यादा वक्त बिता सकेंगे। काम के साथ-साथ आराम करना भी सीखना चाहिए। साप्ताहिक छुट्टियों में आराम और मजेदार काम करें। कुछ वक्त निकालकर जिंदगी का मजा लें और उससे मिलने वाली खुशियों को समझें। हो सके तो किसी हिल स्टेशन पर जाकर कुछ दिन शांति में बिताएं। दिमाग को तनाव से दूर रखें और खुद को आराम देने के लिए कुछ वक्त निकालकर ध्यान जरूर लगाएं।

**सूरज से खुद को बचाएं:** गर्मी के मौसम में आपको सूर्य से खुद को बचाना चाहिए और दोपहर के वक्त बाहर जाने से बचना चाहिए। तेज धूप में झुलसने से खुद को बचाने के लिए एक अच्छी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। जब आपको तपती हुई धूप का सामना करना पड़े तो त्वचा को सूखने से बचाएं और ठंडक पाने के लिए जीवा कुकुंबर वॉटर का इस्तेमाल करें। शरीर को अंदर से ठंडा रखने के लिए रसीले फल जैसे खरबूजा, तरबूज और नाशपाती वगैरह खाएं या एक ग्लास नींबू पानी पिएं। ज्यादा से ज्यादा पानी पीना जरूर पिएं क्योंकि इससे आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। अपनी आंखों को सूरज की तेज रोशनी से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहनें। आयुर्वेद के मुताबिक गर्मियों के मौसम को पित्त का मौसम माना गया है, जहां आग और पानी का शक्तिशाली सिद्धांत चरम पर होता है। पित्त दोष सूर्य की ऊर्जा से चलता और बढ़ता है। आयुर्वेद मानता है कि इस वक्त शरीर के अंदर और बाहर दोनों जगह पानी की कमी हो जाती है। पित्त को शांत करने में आयुर्वेद का सिद्धांत कहता है कि गर्मी के मौसम में वातावरण में जो चीज सबसे ज्यादा असर दिखा रही है उसके साथ संतुलन बैठाकर ही सेहतमंद तरीके से इस मौसम का मजा लिया जा सकता है



# कामाक्षी ने 'हद कैरियाली' पर किया शानदार अभिनय

## अब रुद्रपुर में रहकर सीख रही हैं अभिनय की बारीकियां

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मन में यदि कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो विपरीत हालात भी राह का रोड़ा नहीं बनते। किसी चीज को पाने की ललक हो, तो मंजिल खुद मिल ही जाती है। एक्टिंग, मॉडलिंग व डांस के क्षेत्र में उभरती हुई कलाकार बागेश्वर की कामाक्षी चौधरी ने बचपन में ही एक एक्टर बनने का सपना देखा था वह अपने उस सपने को साकार करने के लिए इन दिनों कड़ी मेहनत कर रही है महज पन्द्रह साल की कामाक्षी ने प्रदेश स्तर पर ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े शो में भाग लेकर कई बड़े टाइटल अपने नाम किये हैं। कामाक्षी को उसके परिजनों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है ।मॉडलिंग के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास कर कामाक्षी ने वह उपलब्धी हांसिल की है जिसका ग्लेमर की दुनिया में हर कोई सपना देखता है। कामाक्षी को फिल्मो के ऑफर भी मिल रहे है शीघ्र ही वह पर्दे पर दिखाई देगी। कामाक्षी ने दिल्ली में किड्स फैशन वीक में हिस्सा लिया उसने उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा उसके पश्चात बिग फ्रेम्स फिल्म देहरादून, महिंद्रा एंड महिंद्रा डांस, इंडिया टेलेंट फाइट द बिगेस्ट टीवी रिएलिटी शो ,कुमाऊँ केसरी के स्टार ऑफ उत्तराखंड मॉडलिंग शो ,मिस चार्मिग समेत दर्जनों टाइटल अपने नाम कर कामाक्षी ने जमकर शोहरत बटोरी है। कामाक्षी को कई अवार्ड भी मिल चुके है वह सेलीब्रिटी आर्टिस्ट का अवार्ड भी जीत चुकी है । कामाक्षी का मानना है कि हर व्यक्ति को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का प्रयास करना चाहिए तथा ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे उसके क्षेत्र व देश का नाम रौशन हो और उसकी खुद की भी पहचान बने। कामाक्षी का कहना है कि उत्तराखंड में प्रतिभाओ की कमी नही है लेकिन उन्हें उचित मंच नही मिल पाता जिसकी वजह से वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने से वंचित रह जाते हैं। कामाक्षी की मां अलका चौधरी का कहना है कि मेरी बेटी अभिनय के क्षेत्र में नाम कमाए यही उनकी दिली तमन्ना है। उनका कहना है कि कामाक्षी के सपने को पूरा करने के लिए हरसंभव कोशिश करती है एक दिन उसका सपना अवश्य पूरा होगा क्योंकि कोशिश करने वालो की कभी हार नही होती। कामाक्षी ने देहरादून में एक एलबम में काम किया है पहाड़ी सॉग 'हद कैरियाली' जिसमें स्टार कास्ट- करण, कमाक्षी चौधरी गीतकार- गौतम पवार गायक- हिमांशु पवार, संतोष शर्मा बडोनी संगीतकार- विनोद पांडे डीओपी- एडिटर नागेंद्र प्रसाद निर्देशक- महेश प्रकाश, अरविंद नेगी विशेष संयोग- दुर्गी राणा, अक्की रावत, अलका चौधरी, राहुल, अभिषेक का रहा। यह एलबम सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



# डीएम ने किया ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पंत ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को भी चौक किया। उन्होंने सुरक्षात्मक एवं निगरानी की दृष्टि से वेयर हाउस के बाहर लगे उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोनिवि के अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि वेयर हाउस के वाउन्ड्री वॉल निर्माण का कार्य प्रारम्भ करते हुये समय से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, तहसीलदार पूजा शर्मा, प्रशासनीक अधिकारी मोहन सिंह कोरंगा सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।



# छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

गदरपुर (उद संवाददाता)।पत्रकार शिवम छाबड़ा ने अपने पिता सोमनाथ छाबड़ा के जन्मदिन के अवसर पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का कार्य किया है।ज्ञात हो श्री जय भवानी जागरण मण्डल के अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा के जन्मदिन पर जहां एक ओर सोशल मीडिया पर सैकड़ो बध ई संदेश मिल रहे है तो वही दूसरी ओर सामाजिक राजनैतिक व धार्मिक संगठनों द्वारा सोमनाथ छाबड़ा के जन्मदिन पर बधाई संदेश दिए है। इस अवसर पर सोमनाथ छाबड़ा ने कहा उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए उनके पुत्र शिवम छाबड़ा व शुभचिन्तको ने जिस प्रकार कदम बढ़ाया है उसके लिए वह सभी का साधुवाद करते है। उन्होंने माँ भवानी से अपने जन्मदिन पर एक ही उपहार मांगते है कि जय भवानी जागरण मण्डल द्वारा जय भवानी चेरिटेबल अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है और वह चाहते है कि उनके अगले जन्मदिन तक अस्पताल तैयार हो जाये और क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात माँ भवानी के चरणों से मिले। इस दौरान रविंद्र बजाज, संतोष गुप्ता, जितेंद्र बजाज, मदन हुड़िया, बंटी छाबड़ा, राकेश अरोरा, गौरव, प्रवीण, रामपाल, रमन छाबड़ा शमी खुराना, सचिन गाबड़ी आदि लोग मौजूद थे।



# राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क सैलानियों के लिए बंद

रायवाला। एशियाई हाथियों के लिए मशहूर राजाजी टाइगर रिजर्व की पर्यटक रेंजों के गेट सैलानियों के लिए बंद हो गए हैं। अब यह 15 नवंबर को खुलेंगे। सैलानियों को यहां जंगल सफारी का लुत्फ उठाने के लिए पांच महीने का इंतजार करना होगा। इस बार के सीजन में राजाजी पार्क की झोली भरकर आमदनी हुई। राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला व मोतीचूर रेंज पर्यटकों की पसंदीदा सैरगाह है। इस बार चीला रेंज में सर्वाधिक 20610 पर्यटक आए, जिनसे 5035000 का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि 2021-22 में 19664 पर्यटक आए जिनसे 47 लाख 65 हजार रुपये की आमदनी हुई थी। यानि इस बार करीब तीन लाख रुपये ज्यादा आमदनी हुई। पिछले सीजन में कुल 216 विदेशी पर्यटक आये थे जबकि इस बार इनकी संख्या 600 रही। चीला के रेंज अधि कारी शैलेश घिल्डियाल ने बताया कि चीला में हर साल मेहमानों की संख्या बढ़ रही हैं। मानसून में प्रकृति को नवीनीकरण का अवसर मिलता है। पांच महीने बाद जब फिर से गेट खुलेंगे तो पर्यटकों को प्रकृति में कई नए नजारे देखने को मिलेंगे। वहीं मोतीचूर रेंज की बात करें तो यहां 2018-19 में 12,27100 रुपये, 2019-20 में 3,17900 रुपये, 2020-21 में 101500 रुपये व 2021-22 में 15,23,664 रुपये का राजस्व मिला। इस सीजन में यहां राजस्व घटा है और सिर्फ 13 लाख 73 हजार रुपये की आमदनी हुई। मोतीचूर में राजस्व घटने का कारण पर्यटक सुविधाओं का अभाव और फ्लाईओवर बनने से गेट तक पहुंचने का रास्ता असुविधाजनक होना माना जा रहा है। राजाजी टाइगर रिजर्व जैव विविधता व प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है।यह विभिन्न तरह के वन्य जीवों की दुनिया से संपन्न है।पार्क में हाथी, गुलदार, हिरन, चीतल, सांभर, मोर के अलावा कई उन वन्य जीवों व पक्षियों को भी देखा जा सकता है, जो लुप्त होती प्रजाति की श्रेणी में हैं।मुख्य रूप से हाथी संरक्षण के लिए प्रसिद्ध राजाजी पार्क में अब टाइगर भी अच्छी खासी संख्या में मौजूद हैं। यहां बहने वाली गंगा, सौंग व दूसरी छोटी नदियों के तट पर प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस विविध ता को करीब से देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। राजाजी पार्क का पर्यटन सीजन 15 नवंबर से शुरू होकर 15 जून तक रहता है। जबकि गौहरी रेंज स्थित विश्व प्रसिद्ध चौरासी कुटी साल भर पर्यटकों के लिए खुली रहती है। वैसे तो यहां पूर सीजन पर्यटक यहां आते हैं, लेकिन मार्च से लेकर जून तक पर्यटन का कारोबार चरम पर होता है। पार्क निदेशक डा. साकेत बडोला के मुताबिक राजाजी पार्क वन्यजीवों के संरक्षण में तो अहम भूमिका निभा ही रहा है, साथ ही पर्यटन में भी नए मुकाम हासिल कर रहा है।



## पेज एक का शेष...

**एलओसी पर मुठभेड़...**कार्रवाई में पांच आतंकी मारे गये। इस घटना के बाद से पूरे उत्तरी कश्मीर पर एलओसी पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सेना ने सभी फील्ड कमांडरों को दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कहा है। बीते तीन दिनों में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में यह घुसपैठ का दूसरा प्रयास है। बताया जा रहा है कि पुलिस को अपने तंत्र से वीरवार की दोपहर को पता चला था कि गुलाम जम्मू कश्मीर से पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकियों का एक दल घुसपैठ कर सकता है। इसके आधार पर सेना ने कुपवाड़ा में एलओसी पर घुसपैठ की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ा दी थी। वीरवार को आधी रात के बाद करीब एक बजे जमगुंड में एलओसी के अग्रिम छोर पर गश्त कर रहे सैन्य दल ने स्वचालित हथियारों से लैस आतंकियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। उन्होंने उसी समय आस पास की सभी चौकियों और नाका पार्टियों को सचेत करते हुए आतंकियों की हरकत पर नजर रखना शुरु कर दिया। जैसे ही आतंकी भारतीय सीमा में दाखिल हुए जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण के लिए कहा। इस पर आतंकियों ने वापस भागने का प्रयास किया। उन्होंने जवानों पर गोली भी चलाई। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। मुठभेड़ वीरवार को आधी रात के बाद करीब सवा एक बजे शुरु हुई और सुबह चार बजे तक जारी रही। सूर्योदय के बाद जवानों ने सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते हुए मुठभेड़स्थल की तलाशी ली । उन्हें वहां गोलियों से छलनी पांच आतंकियों के शव व उनका साजो सामान मिला। कश्मीर रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कुपवाड़ा में एलओसी पर घुसपैठ के प्रयास को नाकाम बनाए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि पांच आतंकी मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि मारे गए सभी आतंकी विदेशी हैं और उनका लश्कर या फिर जैश ए मोहम्मद से संबंध हो सकता है। उनसे बरामद साजो सामान व दस्तावेजों की जांच की जा रही है। उसके बाद ही उनके नाम पता चल पाएंगे।

**दर्दनाक हादसा...**के अनुसार शुक्रवार सुबह मोहल्ला भरतपुरी निवासी गिरीश चंद्र पांडे और विक्रम सिंह नेगी दोनों ही स्कूटी से रामनगर स्थित श्मशान घाट में किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच रानीखेत रोड रोडवेज बस स्टेशन के सामने लखनपुर की ओर से आ रही एक प्राइवेट बस ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी और स्कूटी में सवार दोनों लोग बस के नीचे दब गए। स्कूटी को रौंदने के बाद अनियंत्रित बस समीप में खड़ी एक कार से टकराकर रुक गई। कार में सवार एक बालिका को भी चोटें आयी हैं। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बस के नीचे दबे दोनों स्कूटी सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और अन्य परिचितों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए पुलिस की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े किये। बताया जा रहा है कि मृतक विक्रम सिंह नेगी सेना में तैनात थे और आजकल छुट्टी में अपने घर आए थे शनिवार को उन्हें ड्यूटी पर वापस जाना था। घटना की जानकारी मिलने के बाद नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी ली घटना के बाद पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। साथ ही दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है लेकिन जांच की जा रही है।

**केदारनाथ धाम में सीएम...**की समाधि, सरस्वती आस्था पथ व घाट, मंदिर परिसर के दोनों तरफ भवनों की सुरक्षा के लिए दीवार का निर्माण, ध्यान गुफा का निर्माण किया गया। दूसरे चरण में 197 करोड़ रुपये की लागत के पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। सुबह सीएम धामी इन कार्यों के निरीक्षण के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। सीएम धामी ने श्री केदारनाथ धाम में बाबा केदार की विधि-विध ान के साथ पूजा-अर्चना की एवं हवन यज्ञ कर देवाधिदेव महादेव से राज्य की उन्नति एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख-शान्ति व समृद्धि की कामना की। सीएम ने धाम के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही बाबा केदार के दर्शन हेतु देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनसे यात्रा व्यवस्था से संबंधित फीडबैक लिया। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के साथ ही देवभूमि उत्तराखण्ड के विभिन्न धार्मिक स्थलों को विकसित करने हेतु सतत क्रियाशील है।

**नहाते समय गंगा...**निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि दिल्ली से पांच लोग यहां घूमने आए थे। गंगा में नहाते वक्त एक पर्यटक 40 वर्षीय देवनारायण पुत्र शत्रुघ्न राय, निवासी मंदिर वाली गली टिकरी बार्डर दिल्ली गंगा में डूब गया। यह व्यक्ति दिल्ली में स्क्रैब (कबाड़) का व्यापार करता है। एसडीआरएफ की टीम और इनमें शामिल गोताखोर इस व्यक्ति को गंगा में तलाश रहे हैं।

**दो बाइकों की...**दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस और 108 सेवा दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल ले गई जहां राजेश पुत्र सेवाराम मूलनिवासी उत्तर प्रदेश पीलीभीत की मौत हुई है। जबकि दूसरे गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के नाम सुमित है जो हिमालय फार्म का रहने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाईवे पर अंधेरा होने के चलते दोनों बाइक आपस में टकरा गई। मंडी पुलिस चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज का कहना है कि मृतक मूल रूप से पीलीभीत उत्तर प्रदेश का रहने वाला है जो हल्द्वानी में गोला नदी में गाड़ी चलाने का काम करता था।

**दुष्कर्म का आरोपी....** निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद सकुर द्वारा गाली-गलौज मारपीट करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 376 370 323 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए लेकिन वह लगातार कानून को गच्चा देता रहा। इसी बीच बलात्कार के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**डाम में डूबने...** मौके पर पहुंची लेकिन रात होने के कारण सर्च अभियान ज्यादा देर नहीं चल पाया। सुबह जल पुलिस के गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। गोताखोरों ने काफी देर सर्च अभियान चलाया जिसके बाद युवक का शव बरामद हो गया। युवक का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम (RAKESH SINGH) एवं मेरे पिता का नाम( DHIR SINGH) दर्ज है। अब मैंने अपना नाम बदलकर (RAKESH SINGH TANWAR) एवं पिता का नाम (DHEER SINGH) करा लिया है। जो कि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में दर्ज है, अतः भविष्य में मुझे(RAKESH SINGH TANWAR S/o DHEER SINGH ) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

राकेश सिंह तंवर पुत्र श्री धीर सिंह
निवासी-म. न.सी 6 कौशल्या एन्कलेव गंगापुर रोड़,
रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000